दिनांक : 18 .11.2025 समय : 10.10AM

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रात:कालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री ने कहा- भारत विकसित और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर, सुनहरे भविष्य की ओर विश्वास के साथ बढ़ रहा आगे।
- राज्य सरकार ने किसानों के हित में लिया बड़ा निर्णय, सिंहस्थ लैंड पूलिंग नीति निरस्त करने का आदेश।
- राष्ट्रपति आज छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करेंगी। खंडवा जिले की कावेश्वर पंचायत को मिलेगा द्वितीय पुरस्कार।
- भोपाल में आज से शुरू होगी राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी।

प्रधानमंत्री-गोयनका व्याख्यान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत विकसित और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है। नई दिल्ली में कल छठे रामनाथ गोयनका व्याख्यान में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक केवल उभरता हुआ बाजार नहीं है, बल्कि एक उभरता मॉडल भी है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत के विकास मॉडल को आशा का मॉडल में रूप में देखती है। श्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2022 में यूरोपीय संकट ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और ऊर्जा बाजार को प्रभावित किया था और इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ा था। इसके बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि लगातार जारी है। श्री मोदी ने कहा कि भारत सुनहरे भविष्य की ओर विश्वास के साथ बढ़ रहा है।

बाइट-प्रधानमंत्री

बिहार विधानसभा के हाल के चुनाव के परिणामों को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में 1951 के बाद से सबसे अधिक मतदान हुआ है और इसमें महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक रही। उन्होंने कहा कि यह भी लोकतंत्रत की जीत है।

मुख्यमंत्री-सिंहस्थ

राज्य सरकार ने किसानों के हित में सिंहस्थ लैंड पूलिंग को निरस्त करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल्द ही ये आदेश जारी करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कल मुख्यमंत्री निवास पर किसान संघ, भाजपा पदाधिकारी, उज्जैन के जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन उज्जैन के साथ बैठक कर सिंहस्थ के आयोजन को लेकर समग्र रूप से चर्चा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ का आयोजन दिव्य, भव्य और विश्व स्तरीय करने के लिये हर संभव प्रयास करने पर सहमति बनी, जिसमें साधु-संतों, किसानो के हितों का व्यापक रूप से ध्यान रखा जायेगा।

इस बैठक में वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, किसान संघ की ओर से महेश चौधरी सहित कई प्रतिनिधि मौजूद थे। किसान संघ ने मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत करते हुये आभार व्यक्त किया गया।

शिवराज-बीज कानून

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आगामी बजट सत्र में घटिया और अनधिकृत बीजों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए एक नया बीज कानून पेश किया जाएगा। मुंबई में कल एशियाई बीज कांग्रेस में उन्होंने कहा कि बागवानी फसलों के लिए गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री सुनिश्चित करने हेतु महाराष्ट्र में स्वच्छ पौध केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

बाइट-शिवराज सिंह चौहान

श्री चौहान ने बीज उद्योग से जलवायु-अनुकूल किस्मों और किफायती उच्च-गुणवत्ता वाले बीजों पर ध्यान केंद्रित करने, दलहन और तिलहन उत्पादन में भागीदारी बढ़ाने और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में इस क्षेत्र की भूमिका पर बल देने का आग्रह किया। उन्होंने राष्ट्रीय “साथी“ पोर्टल पर पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। यह बीज कंपनियों के लिए शत प्रतिशत पंजीकरण अनिवार्य करता है।

राष्ट्रीय जल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, आज नई दिल्ली में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करेंगी। श्रेष्ठ जिला, श्रेष्ठ ग्राम पंचायत, श्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, श्रेष्ठ विद्यालय, श्रेष्ठ कॉलेज, श्रेष्ठ उद्योग, श्रेष्ठ जल उपयोग संघ, श्रेष्ठ सिविल सोसाइटी और जल क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए श्रेष्ठ वैयक्तिक पुरस्कार दिये जाएंगे। जिसके तहत सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत की श्रेणी में खंडवा जिले की कावेश्वर पंचायत को द्वितीय पुरस्कार दिया जाएगा। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, खण्डवा के कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा को पुरस्कार प्रदान करेंगी। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार के "जल शक्ति अभियानः कैच द रेन" के तहत शुरू की गई "जल संचय, जन भागीदारी" पहल में खण्डवा जिले ने जल संरक्षण के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, इसके लिए भी खण्डवा जिले को 2 करोड़ रूपये का पुरस्कार मिलेगा।

**ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस साल फरवरी में भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सरकार को मिले सभी निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए निवेशकों से सतत संवाद करें, उनके प्रश्नों का समाधान करें, जिससे वे जल्द से जल्द अपने निवेश प्रस्ताव को जमीन पर अमलीजामा पहनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल मंत्रालय में निवेश संबंधी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिसम्बर में वर्तमान सरकार के दो वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसलिए नवम्बर माह अंत तक अधिक से अधिक औद्योगिक निर्माण इकाइयों का सामूहिक भूमिपूजन कराएं। उन्होंने कहा कि दो से ढ़ाई लाख करोड़ रुपए के कामों के एक साथ भूमिपूजन से प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदलेगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने समिट के दौरान प्राप्त निवेश प्रस्तावों, एमओयू के क्रियान्वयन और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।

**निर्यात-आयात वृद्धि**

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर की अवधि में भारत का कुल निर्यात, माल और सेवाओं को मिलाकर पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4 दशमलव 8 प्रतिशत बढ़कर 4 खरब 91 अरब 80 करोड़ अमरीकी डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वस्तु निर्यात में शून्य दशमलव छह-दो प्रतिशत जबकि आयात में 6 दशमलव तीन-सात प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस वृद्धि में एक प्रमुख योगदान गैर-पेट्रोलियम निर्यात में लगातार वृद्धि का भी रहा है। वर्ष 2025 के पहले सात महीनों के दौरान तीन दशमलव नौ -दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए गैर-पेट्रोलियम निर्यात 2 खरब 19 अरब 90 करोड़ डॉलर का रहा।

**राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में आज 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। प्रदशर्नी का आयोजन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामला हिल्स, भोपाल में किया जा रहा है। 6 दिवसीय प्रदर्शनी का समापन 23 नवम्बर को होगा। प्रदर्शनी में 31 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 900 विद्यार्थी एवं शिक्षक विज्ञान पर केन्द्रित प्रोजेक्ट एवं मॉडल प्रदर्शित करेंगे। समारोह में जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह एवं स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना और वैज्ञानिक विचार विकसित करना है।

प्रदर्शनी में प्रतिदिन 2 हजार विद्यार्थी एवं नागरिक अवलोकन करने पहुंचेंगे। प्रदर्शनी में 240 साइंस मॉडल का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदशर्नी में प्रतिभागी विद्यालयों की संख्या 229 है। यह प्रदर्शनी देश के विभिन्न भागों के युवाओं एवं बच्चों को विज्ञान, गणित तथा पर्यावरण संबंधी मुद्दों के विभिन्न पहलुओं के विषय में जानकारी प्राप्त करने और एक-दूसरे के साथ अपनी विविध संस्कृतियों को साझा करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगी।

**समाधान योजना**

प्रदेश सरकार की समाधान योजना में अब तक 28 हजार 478 बकायादार विद्युत उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 35 करोड़ 47 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 19 करोड़ 31 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रथम चरण में ही एकमुश्त भुगतान कर इस योजना में शामिल होकर सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ उठाएं।

समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी में संगम कार्यक्रम का आयोजन 27 नवंबर को जिला सत्र न्यायालय के सामने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिसर में किया जाएगा।
- सतना केंद्रीय जनजातीय कार्य विभाग केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री दुर्गादास उइके आज मझगवां विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बांका में भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा का अनावरण करेंगें।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल पन्ना जिले के पवई विधानसभा अंतर्गत शाहनगर में आयोजित शासकीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।
- िडंडोरी में गोंड जनजाती 'जननायक समारोह' आज से 20 नवंबर 2025 तक अमरपुर सांदीपनि विद्यालय एवं करंजिया के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है।
- सतना जिले के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की औपचारिक पहचान एवं चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर 18 नवम्बर को आयोजित होगा।
- वनमण्डल झाबुआ के कर्मचारियों को कल वन विद्यालय झाबुआ के प्रशिक्षण हॉल में बाघ एवं अन्य वन्यजीव आंकलन के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- एसडीएम मण्डला सोनल सिडाम ने कल प्राथमिक शाला ठरका का औचक निरीक्षण करमध्याह्न भोजन वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया।
- गुना के शासकीय बालिका अनुसूचित जाति एवं जनजाति बालिका छात्रावास एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास में  छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

--------------------